Mail-ID- upjnrprayagraj@upjn.co.in मो0.नं0. 9473942662

# उत्तर प्रदेश जल निगम(ग्रामीण)
## खण्ड कार्यालय,तुलापुर पानी की टंकी, झूँसी,प्रयागराज।

पत्रांक 1105 / W-19 / 320 दिनांक 25.05.2026

सेवा में,

अधिशासी निदेशक,
राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन,
नमामि गंगे तथा ग्रामीण जलापूर्ति विभाग,
लखनऊ।

**विषयः– ई–समाचार पत्र अमर उजाला में दिनांक 24.05.2026 को प्रकाशित खबर ''सड़क पर बह रहा पानी, आवागमन में परेशानी'' के सम्बन्ध में।**

**महोदय,**

उपरोक्त विषयक ई–समाचार पत्र अमर उजाला मे दिनांक 24.05.2026 को प्रकाशित खबर ''सड़क पर बह रहा पानी आवागमन में परेशानी'' शीर्षक में जनपद प्रयागराज के विकास खण्ड प्रतापपुर के ग्राम बरेन्द्र में पाइप लाइन लीकेज की खबर प्रकाशित की गयी है, के सम्बन्ध में अवगत कराना है कि विकास खण्ड प्रतापपुर में नीर निर्मल परियोजना बैच–2 अन्तर्गत वर्ष 2017–18 में नसीरपट्टी पेयजल योजना का निर्माण कार्य कराया गया था। योजना में 02 राजस्व ग्राम (नसीरपट्टी एवं बरेन्द्र) सम्मिलित है। योजनान्तर्गत 01 नग शिरोपरि जलाशय (250 के0एल0/16मी0), 01 नग नलकूप, वितरण प्रणाली 18.00 किमी, 01 नग पम्प हाउस, 01 नग स्टाफ क्वार्टर, हाउस कनेक्शन 662 नग एवं तत्सम्बन्धी कार्य पूर्ण कराकर सम्बन्धित ग्राम पंचायत को वर्ष 2022 में हस्तगत कर दी गयी थी, परन्तु पाइप लाइन लिकेज होने के कारण योजना से आंशिक जलापूर्ति की जा रही है। पाइप लाइन लिकेज का मरम्मत कार्य प्रगति पर है।







यहां यह भी अवगत कराना है कि उक्त योजना सहित जनपद प्रयागराज में पूर्व निर्मित 234 नग पेयजल योजनाओं 568 राजस्व ग्रामों के संचालन एवं अनुरक्षण कार्य हेतु प्रधान कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण), लखनऊ द्वारा चयनित फर्म **मेसर्स एल0सी0 इन्फ्रा प्रोजेक्ट लि0, अहमदाबाद, गुजरात** द्वारा पूर्व निर्मित योजनाओं का संचालन एवं अनुरक्षण हेतु प्राक्कलन तैयार करके मुख्यालय प्रेषित किया जा चुका है। प्राक्कलन स्वीकृति/धनावंटन उपरान्त योजनाओं के कार्य निर्धारित समयावधि में पूर्ण किया जाना प्रस्तावित है।

अतः सादर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

संलग्नक–उपरोक्तानुसार।

**भवदीय**

**(एस0एस0 परमार)**
**अधिशासी अभियन्ता**

पृ0सं0 एवं दिनांक उपरोक्त–

प्रतिलिपि– निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :–

1– मुख्य अभियन्ता(ग्रामीण), उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण), लखनऊ।
2– मुख्य अभियन्ता(का0क्षे0), उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण), कानपुर।
3– अधीक्षण अभियन्ता, मण्डल कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण), प्रयागराज।
4– जिलाधिकारी महोदय, प्रयागराज ।
5– मुख्य विकास अधिकारी, प्रयागराज।
6– अपर जिलाधिकारी, नमामि गंगे एवं जलापूर्ति विभाग, प्रयागराज।
7– जिला सूचना अधिकारी, प्रयागराज।

**अधिशासी अभियन्ता**